Our stakeholders for their support and trust shown, is also required to be thanked. I also thank our Contractors and Suppliers, Banks and financial institutions, for their contribution and support in the growth of your Company.

Before I end to my words and patient hearing by you all, I thank my esteemed colleagues on the Board from the bottom of my heart and seek their encouragement and valuable guidance in future.



Screenshot of 32 AGM conducted through Video Conferencing on 22nd September, 2020

Acknowledgment

Gentlemen, in the past one year, entire employee force with their dedicated efforts, brought the Tehri PSP back on the track and VPHEP started progressing well. But still VPHEP needs more management interventions which will be out of contract and out of box to bring it on track fully. The activities of Khurja STPP, Amelia coal Mine are moving in right direction as perceived. The truly

With best wishes,

(D.V. Singh)
Chairman & Managing Director
DIN: 03107819

Place: Rishikesh
Date : 22.09.2020

डिजिटल साक्षरता में राजभाषा का योगदान

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी
संपादक व
उप महाप्रबंधक (जनसम्पर्क)

गौरव कुमार
उप संपादक व
सोशल मीडिया अधिकारी

पंकज कुमार शर्मा
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी व
सचिव, नराकास–हरिद्वार

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में इंटरनेट सूचना प्रौद्योगिकी में क्रांति की सबसे बड़ी देन माना जाता है। कार्यालय में पत्राचार, गूगल सर्च, अध्ययन, इंटरनेट बैंकिंग या सोशल मीडिया हो, हमारे सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन का कोई भी पहलू आज कम्प्यूटर तथा इंटरनेट से अछूता नहीं है।

वह समय भी इतिहास में बहुत पीछे नहीं है जब कम्प्यूटर तथा इंटरनेट जैसी सेवाओं को संभ्रांत और साक्षर वर्ग के उपयोग हेतु माना जाता था। इसका सबसे बड़ा कारण था कम्प्यूटर का केवल अंग्रेजी भाषा में होना तथा इंटरनेट के प्रयोग में अंग्रेजी, आधारभूत भाषा होना जिससे कि वे देश जिनमें पढ़ने और लिखने वालों की संख्या कम है, इसके प्रसार में लंबे समय तक बाधक बने रहे।

डिजिटल साक्षरता से अभिप्राय उन व्यक्तियों से है जो कम्प्यूटर तथा इंटरनेट का उपयोग करने में सक्षम हैं। इसमें भाषा का बड़ा योगदान है। तकनीकी के विकास के साथ जब कम्प्यूटर तथा इंटरनेट का उपयोग अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं जैसे हिंदी में भी संभव हो सका तब भारत जैसे देश में डिजिटल साक्षरता में एकाएक वृद्धि हुई।

वर्ष 2021 में भारत में Mobile Internet Users की संख्या 469.3 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। जिसमें शहरी भारत में इंटरनेट का प्रयोग 51% की दर से और ग्रामीण भारत में 16% की दर से बढ़ रहा है जो कि यह दर्शाता है कि ग्रामीण भारत में इसके बढ़ने की संभावना बहुत अधिक है। इसका मुख्य कारण है हिंदी में इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि होना।

आज चाहे फेसबुक में हिंदी में कमेंट करना हो, ट्वीट करना हो, गूगल सर्च या अनुवाद करना हो, ऐप से ऑनलाइन टैक्सी बुक करना हो, सब कुछ केवल हिंदी में ही नहीं बल्कि लगभग सभी भारतीय भाषाओं में इंटरनेट पर उपलब्ध है। यही नहीं, अब यूनिकोड जैसे सॉफ्टवेर से हिंदी टाइपिंग भी आसान हो गयी है।

फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और स्नैपचैट जैसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आई डी की फौरन काम करने की प्रकृति ने हमारे लिए जुड़ाव बनाने और सूचनाएं साझा करने की नई राह निर्मित की है। आज हम कभी भी परस्पर संवाद व टिप्पणी करते हैं और कुछ भी साझा कर सकते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की एक हालिया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, लॉकडाउन की शुरुआत के बाद से मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल औसतन लगभग 10%बढ़ गया। इस मामले में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में भले ही 3% की वृद्धि देखी गई, परंतु छोटे दूरसंचार सर्कल्स में 15%की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

भारत सरकार की पहल "डिजिटल इंडिया" का भी इसमें बहुत बड़ा योगदान है। आज Arial Unicode MS जैसे फोंट की सहायता से हिंदी टाइपिंग आम उपभोक्ता के लिए बहुत आसान हो चुकी है। गूगल सर्च इंजन कई भारतीय भाषाओं में परिणाम देते हैं। बिना लिखे केवल आपकी अपनी भाषा में आवाज सुनकर भी गूगल सर्च इंजन परिणाम उपलब्ध करा देता है। वर्तमान में शहरी भारत में आम उपभोक्ता के बिल का 65% भाग मोबाइल डाटा का होता है जो 5 वर्ष पूर्व केवल 45% था। विमुद्रीकरण के समय भारत सरकार द्वारा लॉन्च किए गए भीम ऐप जैसे कई मोबाइल वॉलेट

अंग्रेजी के अलावा हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में प्रयोग के लिए उपलब्ध हैं, जिसके कारण मोबाइल बैंकिंग भी आम जनता तक पहुँच सका।

यहाँ इस प्रसंग का उल्लेख करना आवश्यक प्रतीत होता है–जब विश्व में टाकिंग कम्प्यूटर (Talking Computer) बनाने की बात चली तो उसके लिए एक भाषा के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। इस चयन अभियान में संस्कृत को विश्व की सबसे वैज्ञानिक भाषा माना गया, क्योंकि संस्कृत में जो लिखा जाता है, वही बोला जाता है। इसके विपरीत अंग्रेजी जैसी भाषा में (P,T,S जैसे अक्षर) कई बार silent होते हैं। जैसे अंग्रेजी में बोले "I Know this" या "I No this" तो टाकिंग कम्प्यूटर दोनों का भेद नहीं समझ पाएगा। यह प्रसंग भी हिंदी की जनक भाषा संस्कृत और उसकी उपयोगिता को दर्शाता है।

यदि हम भविष्य की ओर देखें तो भारत में 536 मिलियन लोगों के द्वारा हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में इंटरनेट का प्रयोग करने की संभावना है, यह तथ्य अपने–आप डिजिटल साक्षरता में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के योगदान का परिचायक है।

निज भाषा उन्नति बिना, कबहुँ न है है सोय।
लाख उपाय अनेक यों, भले करे किन कोय।।
इक भाषा इक जीव इक, मति सब घर के लोग।
तबै बनत है सबन सों, मिटत मूढ़ता सोग।।

विविध कला शिक्षा अमित, ज्ञान अनेक प्रकार। सब देसन से लै करहू, भाषा माहि प्रचार।।

हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय एवं सभी परियोजना कार्यालयों में 14 से 28 सितंबर, 2020 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान, प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे निबंध, नोटिंग-ड्राफ्टिंग, हिंदी टंकण, अनुवाद, काव्य पाठ एवं हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

ऋषिकेश

कारपोरेट कार्यालय में 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा सादगी से मनाया गया। इस दौरान कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन ऑनलाइन किया गया। यह पखवाड़ा 14 सितंबर को हिंदी दिवस समारोह से प्रारंभ हुआ एवं इसका समापन 29 सितंबर को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह निगम के निदेशक(कार्मिक), श्री विजय गोयल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में कारपोरेट कार्यालय के सभी विभागों एवं अनुभागों के प्रमुखों तथा हिंदी नोडल अधिकारियों एवं विजेता कर्मचारियों ने कार्यक्रम में ऑनलाइन भाग लिया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एवं हिंदी पखवाड़ा के प्रतिभागियों को आनलाइन संबोधित करते हुए निदेशक (कार्मिक), श्री विजय गोयल

निदेशक (कार्मिक), श्री विजय गोयल ने अपने संबोधन में सभी विजेता कर्मचारियों को बधाई देते हुए सभी कर्मचारियों से अपना समस्त सरकारी कामकाज हिंदी में कर राजभाषा विभाग के दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, श्री पंकज कुमार शर्मा ने पूरे कार्यक्रम के बारे में मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित कर्मचारियों को अवगत कराया। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित हुई हिंदी निबंध प्रतियोगिता में श्री हरीश चन्द्र उपाध्याय, वरि. प्रबंधक, नोटिंग ड्राफ्टिंग में श्री शिवराज चौहान, वरि. प्रबंधक, अनुवाद में श्री संजय रावत, प्रबंधक, कविता लेखन में श्री एस.के. चौहान, उप महाप्रबंधक प्रथम रहे। अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए अलग–अलग आयोजित की गई हिंदी ई–मेल प्रतियोगिता में श्री अजय कुमार, वरि. प्रबंधक एवं श्री खीम सिंह बिष्ट, वरि. सहायक प्रथम रहे। पखवाड़ा के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य संस्थानों के लिए राजभाषा हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें केंद्रीय विद्यालय नं.–1, रुड़की के श्री संजीव कुमार, पीजीटी(हिंदी) प्रथम रहे।

समारोह में मानव संसाधन विकास विभाग को अंतर विभागीय चल राजभाषा ट्राफी तथा कारपोरेट संचार विभाग को उत्तरोत्तर प्रगतिगामी चल राजभाषा शील्ड प्रदान की गई।

इनके साथ ही विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत भी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया । हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने वाले विभागाध्यक्षों की श्रेणी में श्री एन.के. प्रसाद, अपर महाप्रबंधक (कार्मिक–प्रशासन), सर्वाधिक डिक्टेशन की श्रेणी में श्री मुहर मणि, कार्यपालक निदेशक (ओएमएस), मूल रूप से टिप्पणी लेखन में श्री सचिन मित्तल, प्रबंधक एवं श्री आशुतोष कुमार आनंद, प्रबंधक प्रथम रहे।

राजभाषा प्रोत्साहन एवं प्रचार–प्रसार के लिए उत्कृष्ट योगदान हेतु कारपोरेट संचार विभाग को प्रदान की गयी "उत्तरोत्तर प्रगतिगामी चल राजभाषा" शील्ड के साथ विभाग के विभागाध्यक्ष, उप महाप्रबंधक डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, नोडल अधिकारी श्री जे.एल. भारती के साथ कारपोरेट संचार विभाग की टीम

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल।।

टिहरी

हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक (टी.सी.), श्री वी.के. बडोनी, महाप्रबंधक (पी.एस.पी), श्री के.पी. सिंह, महाप्रबंधक (पी.एस.पी), श्री एस.एस. पंवार, महाप्रबंधक (स्टेज–1), श्री सी.पी. सिंह, उप महाप्रबंधक (का.एवं प्रशा.), श्री बी.के. सिंह, प्रबंधक (हिंदी), श्री इन्द्र राम नेगी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर श्री बडोनी ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर जारी अपील पढ़कर सुनाई। कार्यपालक निदेशक (टी.सी.) ने सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी पखवाड़ा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रेरित करना है।

विजेताओं को पुरस्कृत करते श्री वी. के. बडोनी, कार्यपालक निदेशक (टी.सी.)

कोटेश्वर

विजेताओं को पुरस्कृत करते श्री यू. के. सक्सेना, महाप्रबंधक (परियोजना)

हिंदी पखवाड़ा का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री यू.के. सक्सेना, महाप्रबंधक (परियोजना) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पूरे वर्ष के दौरान हिंदी में सर्वश्रेष्ठ कार्य करके राजभाषा की उन्नति में योगदान देने वाले वित्त एवं लेखा विभाग को प्रथम पुरस्कार के रूप में **चल वैजयंती ट्राफी** तथा कार्मिक एवं प्रशासन विभाग को द्वितीय पुरस्कार के रूप में रनर–अप ट्राफी प्रदान की गई।

पीपलकोटी

खुर्जा

पीपलकोटी एवं खुर्जा में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों के दृश्य

विविध कला शिक्षा अमित, ज्ञान अनेक प्रकार। सब देसन से लै करहू, भाषा माहि प्रचार।।

डिजिटल गंगावतरणम् के प्रथम संस्करण की लांचिंग





श्री विजय गोयल, निदेशक(कार्मिक) द्वारा सोशल मीडिया सेंटर एवं कारपोरेट संचार विभाग, ऋषिकेश के सौजन्य से निर्मित गृह पत्रिका गंगावतरणम् का **Digital Version** लाँच किया गया। यह टीएचडीसी वेबसाइट **www.thdc.co.in** के होम पेज पर **e-magazine Section** पर उपलब्ध है अथवा **https://thdc.co.in/gangavataranam/** लिंक पर भी click करके इसे देखा जा सकता है

Social Media Center conducted Webinar at Doon Group of Institutions

Social Media Center(SMC), THDC India Limited in collaboration with Doon Group of Institutions (DGI), Shyampur, Rishikesh conducted a webinar on **"Importance of Communication Skills in Professional Career"** on 02.10.2020. In this webinar around 185 students, faculty and staff members of various streams DGI participated and asked pertinent questions. During the webinar participants were also sensitized regarding Social Media Interventions of THDC India Limited and a roadmap was discussed about how THDCIL and



DGI can work together in the area of Social Media training and development interventions. Sh. Gaurav Kumar, Social Media Officer and Manager(PR) conducted the webinar on behalf of SMC, THDCIL. The webinar was coordinated by Dr. Parul Punetha, Hewad of Department, DGI and Ms. Shivagi Bhatia was the Moderator of the webinar.

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल।।

विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना में सी.आई.एस.एफ. का आगमन

विष्णुगाड पीपलकोटी परियोजना में 25 सितंबर, 2020 को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को नियोजित किए जाने के अवसर पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कोविड–19 के दृष्टिगत सीमित अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक (प्रभारी), श्री के.पी. सिंह एवं मुख्य अतिथि श्री टी.एस. रावत, कमांडेंट, सी.आई.एस.एफ. द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। तत्पश्चात महाप्रबंधक (प्रभारी) एवं मुख्य अतिथि द्वारा गॉर्ड ऑफ ऑनर एवं परेड का निरीक्षण किया गया।

महाप्रबंधक (प्रभारी) द्वारा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि वी.पी.एच.ई.पी. परियोजना में सी.आई.एस.एफ. को नियोजित करने हेतु 2014 से प्रयास किए जा रहे थे, जो आज साकार एवं फलीभूत हुए। सी.आई.एस.एफ. के आने से परियोजना के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने मे सहायता मिलेगी एवं परियोजना स्थल पर सुरक्षा का वातावरण बनेगा। इस अवसर पर कमांडेंट, सी.आई.एस.एफ., श्री टी.एस. रावत ने अपने संबोधन में कहा कि विष्णुगाड पीपलकोटी परियोजना में सी.आई.एस.एफ. के कार्मिक टीएचडीसी इंडिया लि. के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य करेंगे, जिससे कि परियोजना के कार्यों को निर्बाध रूप से चलाया जा सके एवं परियोजना का निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सके।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि, श्री राज कुमार ठाकुर, सहायक कमांडेंट, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, जोशीमठ को सी.आई.एस.एफ. परिसर की चाबी सौंपी गई। श्री राज कुमार ठाकुर, सहायक कमांडेंट, सी.आई.एस.एफ. ने अपनी जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए कहा कि विष्णुगाड पीपलकोटी परियोजना की सुरक्षा हेतु सी.आई.एस.एफ. कर्तव्यबद्ध है।

इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कार्मिकों द्वारा हथियारों एवं दंगा नियंत्रण स्कवॉड का प्रदर्शन भी किया गया।

Training and Development Interventions

Across the globe, the spread of Novel Corona Virus COVID-19 has led to profound changes in social interaction and organization. Pandemic precautions called "social distancing" or "physical distancing" has attempted to reduce interpersonal contacts and thereby minimizes the kind of community transmission that could develop quickly in dense networks like the Training Halls/ Conference Halls. Following the logic of the exception—that extraordinary times call for extraordinary measures—one common trend in training activities around the world has been to respond to the pandemic with "eLearning" protocols, marking the rapid transition of face-to-face classes to online learning systems. THDCIL has also joined the trend and started the Training & Development activities through E-Mode for sustainable Growth & Development. Accordingly, Following Training Programmes were organized though e-learning platform:

Training Programme on Self Discovery through Emotional Intelligence

Emotional Intelligence is the Key to Professional success and a critical skill to develop. To understand individual Brain Profile , Talent & Competencies , a Virtual Training programme on "Self Discovery through Emotional Intelligence" was organised during 18th to 19th August through Ms. Lata Singh Dasila, a Certified EQ Assessor & Trainer , MEQ Academy Pvt Ltd. Total 21 No. Women Executives participated from NCR Kaushambi, Tehri , Rishikesh & Khurja.



Group photograph of the Virtual Training Programme on "Self Discovery through Emotional Intelligence "

MDP on Mindfulness at Work

Group photograph of the participants

Good mental health at work and good management go hand in hand. THDCIL believes in workplaces where everyone can thrive. With the fortitude, Management Development Programme on the subject' **Mindfulness at Work**", for executives of E-5 to E-6 Level was organized between 20th-21st August 2020. The Programme was facilitated by renowned Speaker & Trainer Dr. Seema Sanghi from STYRAX CONSULTANTS PRIVATE LIMITED.

Wellness Programme

Programme on "Work-Life Balance, Health & Wellness" named as WELLNESS PROGRAM was organized from 24th-25th August for the Middle Level Executives. The Programme was facilitated by well known speaker on Health & Wellness, Mrs. Stutii Jain Saini from Oxcygen/GoGhumantu, Roorkee.

Group photograph of the participants

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल।।

Training Programme on Best O&M Practices of Hydro Power Plant

With a view to strengthen skills of O&M personnel expose them with Best Practices of Operation & Maintenance of Hydro Power Plant , a virtual training programme on "Best O&M practices of HPP" was organised through National Power Training Institute, Nangal . The objective of the training programme was to give a thorough knowledge to the Engineers posted in O&M Deptt., with regard to latest Maintenance Techniques & systems to be adopted at Hydro power stations, ensuring smooth operational Levels and increase plant efficiency and reliability. Total 18 participants across the various locations participated in the programme.



A group photograph of Virtual Training on" Best O&M Practices of HPP" organised from 26th to 28th August , 2020

Final Evaluation/ Assessment of Executive Trainees 2019 Batch

With a view to ensure sustainable growth of the organization and also as a strategic requirement of the corporation Executive Trainees in various Discipline (08 Finance and 08 Technical) were inducted in the corporation during August 2019 (ET 2019 Batch). After Undergoing Induction Training for One Year, the Evaluation of Executive Trainees (ETs) was conducted through Virtual Mode on 03/09/2020 by a duly Constituted Committee comprising Director (P), Director (F), Director (T) & GM (HRD).

Group Photograph of ET's along with Director (P), Director (F), Director (T) and GM (HRD).

Training Programme on HR Analytics

Group photograph of the participants

Important factor for the growth of any organization is to comply with the latest trends, be it in technology or in practices. To equip the Executives of HR Fraternity with the latest Technology; Training Programme on HR Analytics was organized through Princeton Academy, Mumbai from 15th-16th Sept., 2020. HR analytics is the process of collecting and analyzing Human Resource (HR) data in order to improve an Organization's workforce performance.

Training- Finance for Non-Finance



Group photograph of the participants

With the vision of enhancing the cross-functional competencies of the Manpower, a training programme on Finance domain for non-finance personnel was organized from 17th-18th Sept., 2020. Programme was facilitated Dr. A.P. Dash, Dean (NTPC School of Business), Ex-GM, NTPC Ltd & Ex- Director, Management, SYMBIOSIS University, Indore.

Online Safety Awareness Programme



Group photograph of the participants

An online Safety Awareness Programme was organised through NPTI to create awareness among the Employees to ensure Safe and Healthy Work Environment and acquaint them with safety hazards and to correct them. Total 26 No. Executives participated from various locations viz. Tehri, Koteswar , Pipalkoti , Dhukwan & Khurja.

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल।।

भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा का आयोजन

टिहरी

कोटेश्वर

पीपलकोटी

कोरोना वायरस संक्रमण (कोविड–19) की रोकथाम के दृष्टिगत पूर्ण सावधानी एवं सतर्कता के साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुए कारपोरेशन में इस बार दिनांक 17.09.2020 को विश्वकर्मा दिवस पर भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा का आयोजन सादगी एवं विधि विधान से किया गया। विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि सभी देवी देवताओं के भवनों, महलों, हथियारों एवं उनके दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं का निर्माण भगवान विश्वकर्मा द्वारा किया गया है। विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। मान्यता है कि भगवान श्री कृष्ण की द्वारिका व रावण की सोने की लंका का निर्माण भी उन्होंने ही किया था।

घराट–पुनरूद्धार एवं आधुनिकरण

ग्रामीण भारत के पास पारंपरिक ज्ञान का अथाह भंडार है, परन्तु आवश्यकता है इस पारंपरिक ज्ञान रखने वाले समुदायों को मजबूत एवं लाभान्वित करने की तथा इसके साथ ही विकास और व्यापार को बढ़ावा देने वाले प्राकृतिक स्रोतों के बारे में पारंपरिक ज्ञान के दायरे को व्यापक रूप से समझने की। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत में ग्रामवासी प्राचीन समय से अपनी कृषि और घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों जैसे कि नदियों, नालों के बहते हुए जल और उनके आस–पास उपलब्ध वन संसाधनों को उपयोग करते आ रहे हैं। उत्तराखंड के दूर–दराज के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोग अभी भी ऊर्जा के विभिन्न प्राकृतिक और स्थायी स्रोत का उपयोग अपने दिन–प्रतिदिन कृषि और घरेलू संबंधित गतिविधियों को पूरा करने के लिए करते हैं। यह पारंपरिक ज्ञान उन्होंने एक लम्बे समय के अनुभव और प्रयासों से प्राप्त किया है और सदियों से अपनाया हुआ है। जल हमारे जीवन की एक बड़ी ज़रुरत एवं ऊर्जा का अनूठा स्रोत है। बहते हुए जल ऊर्जा की संभावना और उसे यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करने का ज्ञान हमारे पुरखों ने सदियों पहले ही पहचान कर इसका बखूबी इस्तेमाल किया है। प्राकृतिक संसाधन, पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय कौशल का ऐसा ही उदाहरण है – घराट। पहाड़ी क्षेत्रों में जहां पानी के बारहमासी (सदाबहार) प्रवाह की उपलब्धता है, पारंपरिक घराट बहते जल की ऊर्जा का उपयोग प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त कल–पुर्जों का उपयोग करते हुए विभिन्न यांत्रिक कार्यों जैसे पिसाई, मिलिंग, रोलिंग आदि कार्य करते हैं। उत्तराखंड राज्य जो मुख्य रूप से पहाड़ी है, जिसमें नदियों,

धाराओं और झीलों में साल भर जल प्रवाह बना रहता है, घराट यहाँ के गांवों का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। एक समय था जब घराट की आवाज़ इस क्षेत्र के समाज की धड़कन थी, समाज की ज़रुरत थी और इसमें यहाँ की संस्कृति की गूँज थी। घराट की दिलकश आवाज़ भले ही आज कल कम सुनाई देती हो, लेकिन बीते वक़्त में पहाड़ों की घाटियां इस मधुर संगीत से अनजान नहीं थी। ऐसी छोटी–छोटी नदियों के किनारे हर आबादी के आस–पास, घराटों की मौजूदगी बेहद आम ही नहीं बल्कि उनकी जरूरत थी, लेकिन बदलते दौर के साथ घराटों की गति का ताल–मेल नहीं बन सका। वैज्ञानिक सोच और परंपरा का ये प्रतीक लड़खड़ाने लगा, ख़त्म होने लगा। छोटी–छोटी नदियों के

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल।।

किनारे बनी सरल लेकिन कामयाब मशीनें सदियों तक हमारा साथ देती रही, लेकिन इनका बुरा वक़्त तब शुरू हुआ जब हमने बदलते वक़्त के साथ इनमें कोई भी बदलाव की कोशिश नहीं की। इन घराटों को गैर ज़रूरी समझ लिया गया, गाँव का विज्ञान आधुनिकता के दौर से हार गया, टूट गया और आखिर में बिखर गया। बाज़ारनुमा व्यवस्था के दौर में ये घराट अँधेरे में कहीं खो से गए। ये पराजय है उस सोच की जिसने तेज़ रफ़्तार की ख्वाहीश से कुदरत से जुड़े विज्ञान से नाता तोड़ लिया था। खंडहरों में तब्दील ये घराट भले ही आसानी से नज़र भी नहीं आते हों, लेकिन इन चक्कीयों में पिसे हुए आटे का स्वाद पुरानी पीढ़ी को आज भी याद है।

एक ओर घराट ख़त्म हो रहे थे, तो दूसरी ओर गाँव की बुनियादी ज़रूरतों से जुड़े हुए लोग इस धरोहर को नए नज़रिए से समझने की मुहिम में लगे हुए थे। सदियों पुरानी तकनीक में कुछ फेर बदल की दरकार थी। सेवा–टीएचडीसी ने इस दिशा में सोचा और कामयाबी भी मिली। सेवा–टीएचडीसी ने अब तक 20 घराटों को पुनर्जीवित किया है। पुनर्जीवित घराटों के नए डिजाईन

घराटों के मूल रूप के बेहद करीब है। घराटों के नए डिजाईन में इस बात का खास ध्यान रखा गया है कि आटा पिसाई के दौरान गुणवत्ता ख़राब न हो। आधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल ने घराट को और ज्यादा उपयोगी बना दिया है। धान कूटना हो या सरसों की पिराई या फिर छोटे स्तर पर बिजली का उत्पादन, जब दूर दराज़ के गाँवों में, इस नई तकनीक को अपनाया गया तो परंपरागत घराटियों को यह काफी बेहतर लगा। सेवा–टीएचडीसी द्वारा घराट में किए गए प्रमुख सुधार इस प्रकार थे, घराट चक्की में पानी लेने हेतु प्रयुक्त चीड पेड़ की लकड़ी को एच.डी.पी.ई पाइप से बदला गया, कूड़ा करकट / घास / पत्थर इत्यादि को शाफ़्ट में घुसने से रोकने के लिए उपयुक्त लोहे की जाली को लोहे की छड़ से बदला गया, जिसने पानी के प्रवाह को तेज़ किया, लकड़ी के फ्लैट पैंडल पहिये को प्लास्टिक की टरबाइन शाफ़्ट से परवर्तित कर हल्का और ज्यादा टिकाऊ बनाया गया, जिससे पिसाई के पत्थरों में रोटेशन अधिक रहता है।

सेवा–टीएचडीसी के प्रयासों के बाद अब पारंपरिक घराटों की गति 120–160 आर.पी.एम से बढ़कर 200–250 आर.पी.एम हो गई है जिससे घराट की पॉवर उत्पादन क्षमता 0.2–0.5 KW से बढकर 0.5–3.0 KW हो गई है। पहले परंपरागत घराटों में केवल अनाज (मक्का, गेहूं, बाजरा, चावल आदि), 10–20 किग्रा./ घंटा पिसता था, पर अब औसतन अनाज का पीसना (25–30 किग्रा./ घंटा), मक्काः 35, गेहूं: 40, बाजराः 70 धान से भूसी निकालना / आंशिक रूप से धान की पॉलिशिंग (50–70 किग्रा./ घंटा), तिलहनों से तेल निकालना (10–15 किग्रा./ घंटा) हो गया है। घराटों के ये घूमते चक्के, अब सिर्फ पिसाई ही नहीं करते, बल्कि इनकी गति ऊर्जा संकट का समाधान भी दे रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार गंभीर सर्दियों के महीनों और असामान्य मौसम की स्थिति के दौरान नियमित रूप से बिजली की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित हो जाती है, तो ऐसी स्थितियों में ये घराट विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में अनाज पीसने का एकमात्र स्रोत होते हैं। खेती के अलावा, ये घराट किसान परिवारों के अतिरिक्त आय के स्रोत के रूप में भी काम करते हैं। यह घराट किफायती, कम, कार्यात्मक लागत वाले तथा पर्यावरण के अनुकूल होते हैं तथा तकनीकी सुधार के बाद कम रखरखाव की आवश्यकता होती है। इसके अलावा स्थानीय निवासियों ने बताया कि इलेक्ट्रिक / डीज़ल चक्की से प्राप्त आटे की तुलना में घराटों के आटे का स्वजीवन अधिक होता है तथा यह अधिक पौष्टिक और स्वादिष्ट होता है।

–सौरभ कुशवाहा, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी
(सामाजिक), ऋषिकेश

Congratulations to Meritorious Wards of THDCIL Employees on securing high marks in the X th and XII th Board Examination in 2020. THDCIL extends good wishes for their bright future.

CLASS X

98.8%

Nishtha Chaudhary
D/o Shri Bipin Chaudhary, Sr. Manager, Tehri
High School (CBSE)



97.6%

Abhinav Sahoo
S/o Shushanta Kumar Sahoo, DGM (PSP),Tehri
High School (CBSE)



96.6%

Akshat Singh Negi
S/o Shri Yashwant Singh Negi, Sr. Engineer (Safety), Tehri
High School (CBSE)



95.8%

Kritika Rana
D/o Shri Vijay Pal Singh Rana, Sub -Engineer (I.T.), Tehri
High School (CBSE)



95.6%

Sonali Rana
D/o Shri Sabbal Singh Rana, Sr. Technician (O&M), Tehri
High School (CBSE)

94.6%

Aditya Bhatt
S/o Shri L.M.Bhatt, Sr. Personal Officer (CP-Estt.), Rishikesh
High School (ICSE Board)

92.2%

Pratyaksh Goel
S/o Shri V.K. Goel, DGM (Spillway), Tehri
High School (CBSE)

90.2%

Anita Nishad
D/o Ram Lakshan Nishad
THDC High School, Rishikesh
(Uttarakhand Board)

CLASS XII

96.25%

Garima Singh
D/o Shri Lakkhu Singh,Sub-Engineer (Mechanical), Tehri
Intermediate (CBSE)



95.75%

Akshat Bahuguna
S/o Shri Atul Bahuguna, Sr. Engineer (Dam), Tehri
Intermediate (CBSE)

93.75%

Achin Negi
S/o Shri Jot Singh Negi, Sub-Officer (DEO), F&A, Tehri
Intermediate (CBSE)

92.75%

Astha Bahuguna
D/o Shri Atul Bahuguna, Sr. Engineer (Dam), Tehri
Intermediate (CBSE)



92%

Ahip Sharma
S/o Shri Rajesh Sharma, AGM (C&MM), Tehri
Intermediate (CBSE)

91.5%

Ayush Rawat
S/o Shri Surendra Singh Rawat, Sub-Officer (Secretariat-ED Office), Tehri
Intermediate (CBSE)

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को शूल।।

भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं

Er. H. Wadhawa
GM (Project), Dhukwan
Retirement: 30.09.2020

Er. H. Wadhawa graduated in civil engineering from Regional Engineering Collage, Kurukshetra in year 1982. He joined THDC on 14-07-1992 and worked under various capacities in Tehri & Koteshwar Hydro Electric Projects, Corporate Office Rishikesh & Dhukwan Small Hydro Project till year 2020. He was promoted on the post General Manager on 27-06-2018. Er. Wadhawa is an active member of The Institution of Engineers (India) and authorised to use the title of Chartered Engineer (India).

He has also done General Management Programme from Indian Institute of Management (IIM) Lucknow in 2011 & Advanced Management Programme on Leadership & Change from Administrative Staff college Hyderabad in 2014.

श्री के.वी. प्रसाद
उप महाप्रबंधक
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्री दिनेश कुमार
वरिष्ठ प्रबंधक
कोटेश्वर
सेवानिवृत्ति 30.09.2020

श्री रजनीश कुमार त्यागी
वरिष्ठ प्रबंधक
कोटेश्वर
सेवानिवृत्ति तिथि : 30.09.2020

श्री हरीश कुमार शर्मा
उप अभियंता (प्रारूपकार)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्री शिशुपाल सिंह रावत
उप अधिकारी
देहरादून
सेवानिवृत्ति 31.08.2020

श्री विरेन्द्र सिंह चौहान
उप अधिकारी
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 30.09.2020

श्री दधी राम
उप अधिकारी
गाजियाबाद
सेवानिवृत्ति 30.09.2020

श्री रमेश चंद्र तिवारी
वरिष्ठ विद्युतकार
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्री रमा कान्त शर्मा
वरिष्ठ सहायक
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31.08.2020

श्री ऋषि पाल
वरिष्ठ तकनीशियन
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्री सक्टू सिंह
हेल्पर
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्री श्रीनिवास
वरिष्ठ कुक
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्रीमती पुष्पा देवी
परिचारक
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31.08.2020

श्री राम पाल सिंह
वरिष्ठ तकनीशियन
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्री पल्टू राम
वरिष्ठ सहायक
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्रीमती राजबाला
परिचारक
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30.06.2020

श्री नन्द राम
हेल्पर
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31.07.2020

श्री सिद्धा नन्द
हेल्पर
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31.08.2020

श्री सत्ये सिंह
हेल्पर
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31.08.2020

श्री राम गोपाल सिंह
हेल्पर
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30.06.2020

श्री गजेन्द्र सिंह
वरिष्ठ चालक
टिहरी
सेवानिवृत्ति 30.06.2020

"शोक संवेदना"

टीएचडीसीआईएल में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के आकस्मिक निधन पर निगम उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा ईश्वर से प्रार्थना करता है कि उनके परिवारजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

श्री हुकम चंद
हैल्पर (ओ.एम.एस)
ऋषिकेश
निधन – 15.07.2020

श्री जोत सिंह
परिचारक, टिहरी
निधन– 22.08.2020

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

(श्रेणी–क मिनी रत्न, सरकारी उपक्रम)
(Schedule-A Mini Ratna, Government PSU)

UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 2020.

[under Regulation 52 (8) , read with Regulation 52 (4) , of the SEBI (LODR) Regulation , 2015]

(₹in Lakh)

Sl. No.	Particulars	Current Half Year Ended year Ended 30.09.2020 (Unaudited)	Previous year Half Year Ended 30.09.2019 (Unaudited)
1	Total Income from operations	112203	120398
2	Net profit / (loss) for the period (before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items#)	58761	47963
3	Net profit / (loss) for the period before Tax (after Exceptional and /or Extraordinary items#)	55718	47963
4	Net profit / (loss) for the period after Tax (after Exceptional and /or Extraordinary items#)	43663	42408
5	Total comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	43417	42219
6	Paid up Equity Share Capital	366588	366588
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	600076	553725
8	Net Worth	966664	920313
9	Paid Up Debt Capital / Outstanding Debt	506365	463352
10	Outstanding Redeemable Preference Shares	0	0
11	Debt Equity Ratio	0.52	0.50
12	Earnings Per Share (of Rs 1000/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1.Basic 2. Diluted	 119.11 119.11	 115.85 115.79
13	Capital Redemption Reserve	0	0
14	Debenture Redemption Reserve	5350	2850
15	Debt Service Coverage Ratio	1.55	2.11
16	Interest Service Coverage Ratio	3.27	3.50

Notes:

Above results have been approved by the Board of Directors at their meeting held on 29.10.2020.

OTHER PARTICULARS as per Regulation 52(4)	
Credit rating	For Corporate Bonds Series-I – AA+,AA For Corporate Bonds Series-II – AA+,AA For Corporate Bonds Series-III – AA, AA
Asset cover available	For Corporate Bonds Series-I- 2522.42 Cr. For Corporate Bonds Series-II - 3602.84 Cr. For Corporate Bonds Series-III- 1601.10 Cr.
Due date for the payment of interest	**Corporate Bonds Series-I** Previous date of payment – 03.10.2020 Next due date of payment – 04.10.2021 **Corporate Bonds Series-II** Previousdate of payment – 07.09.2020 Next due date of payment – 06.09.2021 **Corporate Bonds Series-III** Next due date of payment – 24.07.2021

Notes:

Financial results of the company have been prepared in accordance with Accounting standard (IND AS) notified under Companies Act 2013

a) For the items referred in sub-clauses (a), (b), (d) and (e) of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligation and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the pertinent disclosures have been made to the Stock Exchange(s) (NSE and BSE).

b) # - Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind AS Rules / AS Rules, whichever is applicable.

Place : Rishikesh
Date : 29.10.2020

For and on Behalf of THDCIL
Shri D.V. Singh
(Chairman and Managing Director)

Generating Power... Transmitting Prosperity...

Stay Protected from Corona

Wear Your Mask Properly

Regularly wash your hands with soap

Keep Social Distancing

No Carelessness until there is a Cure

Follow us:- @THDCIL 24×7 | @THDCIL_MOP | @THDCIL | @THDCIL India Limited - Official

RNI No. F-2(G-10) PRESS/91

THDCIL IN NEWS

हिंदी भाषा के प्रयोग करने का आह्वान

ऋषिकेश। टीएचडीसी में आयोजित 14 सितंबर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा का समापन मंगलवार को हुआ। इस दौरान निदेशक कार्मिक विजय गोयल ने कर्मियों से कामकाज में हिंदी भाषा के प्रयोग का आह्वान किया। कर्मचारी पुरस्कृत भी हुए।

मंगलवार को टीएचडीसी के हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित कारपोरेट कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हिंदी पखवाड़ा में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं हुई।

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी पंकज कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि और कर्मचारियों को हिंदी पखवाड़ा के बारे में जानकारी दी। निबंध में हरीश चंद्र उपाध्याय, नोटिस ड्राफ्टिंग में शिवराज चौहान, अनुवाद में संजय रावत, कविता लेखन में एसके चौहान प्रथम रहे। हिंदी ई-मेल प्रतियोगिता में वरिष्ठ प्रबंधक खीम सिंह अव्वल रहे हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय रुड़की के संजीव कुमार ने बाजी मारी। उपमहाप्रबंधक कॉर्पोरेट संचार डा. एएन त्रिपाठी ने कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।

Hindi Week successfully held at THDC

DEHRADUN, SEPT 29 (HTNS): Hindi Week was successfully observed between 14 to 29 September in the corporate office of THDC in Rishikesh. During this period different competitions and programmes were organized online. The Week ended with prize distribution to the winners.

Prize distribution programme held under the presidentship of Director Vijay Goel was attended by all the officers and workers of THDC. Programme was conducted by Senior Hindi Officer Pankaj Kumar. Thee Hindi Essay Competition was won by Harish, Sjivraj won the Noting and Drafting Competition, Translation Competition was won by Sanjay Raut, Poetry Competition was won by SK Chauhan and Ajai Kumar won the Hindi e-mail Competition.

Human Resource Department got the inter-departmental Shield for Rajbhasha Trophy. The ones who worked most in Hindi were named NK Prasad, Muhar Mani, Sachin Mittal and Ashutosh Kumar Anand.

राजभाषा हिंदी में कामकाज का आह्वान

● टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में हिंदी पखवाड़ा संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में कोरोना काल के चलते पहली दफा हिंदी पखवाड़ा ऑनलाइन आयोजित हुआ। इसमें न सिर्फ प्रतियोगिताएं, बल्कि पुरस्कार का वितरण भी ऑनलाइन ही किया गया। पखवाड़े के समापन पर केंद्रीय संचार विभाग को उत्तरोत्तर प्रगतिगामी चल राजभाषा शील्ड से नवाजा गया। जबकि अन्य विभाग और अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

हिंदी पखवाड़े के समापन पर मंगलवार को ऑनलाइन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कारपोरेशन के निदेशक कार्मिक विजय गोयल ने की। इस दौरान उन्होंने निबंध में हरीश चंद्र उपाध्याय, नोटिंग ड्राफ्टिंग में शिवराज चौहान, अनुवाद में संजय रावत और कविता लेखन में एसके चौहान को प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। कारपोरेशन के उपमहाप्रबंधक डा. एएन त्रिपाठी ने बताया कि हिंदी ई-मेल प्रतियोगिता में अजय कुमार और खीम सिंह बिष्ट अव्वल रहे। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य संस्थानों के लिए राजभाषा हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय रुड़की के संजीव कुमार ने पहला स्थान हासिल किया। समारोह में मानव संसाधन विकास विभाग को अंतर विभागीय चल राजभाषा ट्राफी और केंद्रीय संचार विभाग को उत्तरोत्तर प्रगतिगामी चल राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। हिंदी में सर्वाधिक काम करने वाले विभागाध्यक्षों में अपर महाप्रबंधक एनके प्रसाद, कार्यपालक निदेशक मुहरमणि, प्रबंधक सचिन मित्तल और आशुतोष कुमार आनंद भी पहले स्थान पर हैं। समारोह में निदेशक कार्मिक विजय गोयल ने सभी अव्वल प्रतिभागीय अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ही विभागों को सम्मानित करते हुए उनसे सरकारी कामकाज हिंदी में करने का आह्वान भी किया।

INFORMATION

टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

(श्रेणी–क मिनी रत्न, सरकारी उपक्रम)
(Schedule-A Mini Ratna, Government PSU)

विज्ञापन सं.: आई.टी.आई.– अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग–01/2020

टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड–ऋषिकेश, 110 नम्बर (आई.टी.आई.) ट्रेड प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण (Apprenticeship Training) में रखने (Engagement) हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। सीटों की संख्या, अर्हता, आयु सीमा, रियायत, चयन प्रक्रिया, आवेदन कैसे करें, आदि के विस्तृत विवरण हेतु टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.thdc.co.in > Career>New Openings** सेक्शन पर विस्तृत विज्ञापन देखें।

अंतिम तिथिः 20.10.2020

प्रगतिपुरम, बाईपास रोड, ऋषिकेश–249201 (उत्तराखण्ड)

उपर्युक्त विज्ञापन के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.thdc.co.in** को देखें। संशोधन/स्पष्टीकरण (यदि कोई होगा) तो केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही होस्ट किया जाएगा।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

(श्रेणी–क मिनी रत्न, सरकारी उपक्रम)
(Schedule-A Mini Ratna, Government PSU)

सूचना

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो पावर इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी, भागीरथीपुरम, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय को संघटक संस्थान के रूप में संचालित किया जा रहा है। इस संस्थान में इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं – सिविल, मैकेनिकल, इलैक्ट्रीकल, इलैक्ट्रोनिक्स एवं कंप्यूटर साइंस में प्रवेश हेतु तीन सीट प्रति ब्रांच बाँध प्रभावित/डूब क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित की गयी है। ऐसे अभ्यर्थी जो उपरोक्त श्रेणी में आते हैं, वे शैक्षणिक सत्र 2020–2021 हेतु अपना आवेदन दिनांक **25.09.2020** तक संस्थान की वेबसाइट **www.thdcihet.ac.in में आनलाइन आवेदन कर सकते हैं**। उक्त अभ्यर्थी प्रवेश हेतु विस्तृत जानकारी संस्थान की बेवसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
भागीरथीपुरम, टिहरी टिहरी गढ़वाल

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक (कार्मिक–नीति, भर्ती व जनसंपर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड़, ऋषिकेश–249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोनः 0135–2473504, वेबसाइटः www.thdc.co.in ईमेलः prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
(निःशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)